"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

"गूँजा मधुरा"

कैसी गूँज लगाई श्री वल्लभ ने

जो गूँज श्री श्रीनाथजी को जगाई

दौड़ के आये श्री यमुना के द्वारे

पुष्टि सृष्टि की सिद्धांत रचाई

ऐसी गूँज जो मुझमें जागे

ऐसी गूँज मेरे आत्म तट श्रीयमुनाजी जगाये

ऐसी गूँज मेरे मन द्वार श्री वल्लभ जगाये

ऐसी गूँज मेरे तन रोम श्री गोवर्धन जगाये

ऐसी गूँज मेरे धन रंग श्री अष्टसखा जगाये

ऐसी गूँज मेरे जीवन साँस श्री षोडसग्रंथ जगाये

तो मेरे रंग तरंग में पुष्टि

तो मेरे अंग संग में पुष्टि

तो मेरे सृजन दर्शन में पुष्टि

तो मेरे अर्चन पूजन में पुष्टि

तो मेरे कर्म धर्म में पुष्टि

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

राधा!

कभी ऐसे ही अपने आप अकेले बैठे बैठे पुकारो

क्या होगा?

अपनी नयन से देखना

अपनी साँस से छूना

खुद में कुछ परिवर्तन पाओगे

यह परिवर्तन की अनुभूति "राधा" है।

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

चलती है यह धारा

जो धारा मेरे कुल से धरी

चलते गये पूर्वजो के पूर्वजो

मैं भी चलता हूँ यही धारा में

मेरे वंश भी चलते है यही धारा में

उनके भी वंश चलेंगे यही धारा में

कभी ऐसा मोड़ तो कभी ऐसा मोड़

मुड़ते मुड़ते कहाँ कहाँ जाये धारा

जहाँ जाये वहाँ पाये हम हमारे

कहीं कोई कैसे सागर में मिलेगी धारा

अगर हमें मिलना है परम अंशी को

पहुंचना है क्षीरसागर किनारा

खुद चले ऐसे सिद्धांत से

जो धारा मुड़े वही मोड़ से

यही तो है कर्म की जीवनधारा

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

क्या है यह पलके
जो न होती तो
न नैन झुकते न नैन उठते
न नैन सोते न नैन जागते
न नैन तिरछते न नैन बरसते
न नैन छुपाते न नैन ढूंढते
न नैन तरसते न नैन बिछड़ते
न नैन रोते न नैन हँसते
न नैन बोलते न नैन कहते
न नैन सुनते न नैन गाते
न नैन इशरते न नैन पुकारते
न नैन मूँदते न नैन बहते
न नैन रुठते न नैन तिरस्कारते
न नैन लपकते न नैन मटकते
न नैन भराते न नैन सुकहाते
न नैन सुलगते न नैन ठंड़ठंड़ाते
न नैन चलते न नैन ठहरते
न नैन बसाते न नैन ठुकराते
न नैन झबकते न नैन टपकते
न नैन चैनाते न नैन बेचैनाते
न नैन खरीदते न नैन बेचते
न नैन तोड़ते न नैन जोड़ते
न नैन ....
"Vibrant Pushti"
"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

"कृष्ण" जानने से पहले हमें कृष्ण प्रागट्य का रहस्य जानना है

"कृष्ण" जानने से पहले हमें कृष्ण आक्रंद जानना है

"कृष्ण" जानने से पहले हमें कृष्ण स्थली जानना है

"कृष्ण" जानने से पहले हमें कृष्ण कुटुंब जानना है

"कृष्ण" जानने से पहले हमें कृष्ण गाँव धर्म जानना है

"कृष्ण" जानने से पहले हमें कृष्ण समाज कर्म जानना है

"कृष्ण" जानने से पहले हमें कृष्ण भौगोलिक जानना है

"कृष्ण" जानने से पहले हमें कृष्ण आध्यात्म जानना है

"कृष्ण" जानने से पहले हमें कृष्ण प्रीत रीत जाननी है

मेरा समन्वय ऐसे कोई भी स्पर्श से होता है तो मैं "कृष्ण" को जानने की सरलता पा सकता हूँ।

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

श्याम रंग से तन रंगाया

श्याम से गौर समाने

श्याम अंग से आसमाँ सजाया

श्याम से सूरज उगाने

श्याम तरंग से सागर लहराया

श्याम से घनघोर बरसाने

श्याम उमंग से अनिल उड़ाया

श्याम से भँवर गुनगुनाने

श्याम आँचल से धरती रक्षाया

श्याम से प्रकृति खिलने

श्याम संग से प्रीतरस पिलाया

श्याम से आत्म जुड़ने

श्याम श्याम से प्रियतम प्रकटाया

श्याम श्यामा श्यामा श्याम होने

ऐसी निराली प्रीत वर्धनी

जैसे श्री राधा यमुना पुष्टि सर्जनी

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

"नंद घेर आनंद भयो
जय कनैया लाल की
हाथी घोड़ा पालकी
जय हो नंद लाल की"

क्या कह रहा है यह धून?

"नंद घेर आनंद भयो"
नही सुख भयो नही वैभव भयो
भयो आनंद भयो आंतर नाद
कैसे थे नंद गाँव के वासी
जो कर दिया सारे ब्रहांड को व्रज वासी
एक एक गोपि एक एक गोप
हर एक के तन मन धन में व्याप
अखिल ब्रह्मांड के परंब्रह्म पधारे थानके नन्हा बाल गोपाल
मेरे जीवन में आनंद भरने
मेरे जीवन में प्रीतरस भरने
यमुना जगायी गोवर्धन जगाया
जीवन खेलने अष्टसखा जगाया
साँस साँस राधा प्रकटायी
स्वर स्वर वल्लभ प्रकटाये
ऐसो है मेरो श्री नाथ
ऐसो है मेरो प्रियतम
जो पल पल मेरे साथ जिये
जो क्षण क्षण मेरो हाथ पकड़े
🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷
"Vibrant Pushti"
"जय श्री कृष्ण" 🌷🌷🌷

क्या है यह उत्सव जन्माष्टमी
जो निर्धन धन धन लूटाये
घर घर दीपक प्रकटाये
घर घर नंदगाँव रचाये
खुद को समझे बाबा नंद यशोदा
अपने को माने गोप गोपिका
ऐसे सजाये गृह वाटिका
जैसे कान्हा खुद जन्म धराये
श्रृंगार पहने रास खेले
खेले लीला श्री कृष्ण कन्हाई का
ऐसे रोम रोम में बसे गोविंदा
बसाये कृष्ण संस्कृति जीवन में
गृह गृह लाला गृह गृह गोपाला
बंसी बजाके नांचे धर्म वैष्णवता
गोकुल गोवर्धन नंदगाँव बरसाना
यमुना वृंदावन वृजधाम मथुरा
ऐसो है मोरो घर में नंदमहोत्सव
जो जन जन गाये
"नंद घेर आनंद भयो जय कनैया लाल की
हाथी घोड़ा पालकी जय हो नंद लाल की"

आजे श्री कृष्ण पधार्या मारे आँगनिया रे
उर मां उमंग थाय
हैया ना दीठनार हमारे संग संग जिये रे जगाये प्रीत अपरंपार
शु हरि गुण गाय आ पापी तन जीवलडो रे
खुद आनंद लूटावा आय
आओ छे चितचोर प्यारो साँवरियो मारो
जो जन्म जन्म सोहाय
"Vibrant Pushti"
"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

किस्मत का खेल है निराला

जो किस्मत से खेले

उनसे किस्मत खेले

जिसमे सदा किस्मत जीत जाये

पर

जो खुद किस्मत बनाये

वो किस्मत से खेले

उनमें वह खुद जीत जाये

इसीलिए तो

सूरज उगता है

फूल खिलता है

झरना फूटता है

हवा महकती है

और हममें निस्वार्थ विचार प्रेरते है।

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

मैं पढ़ रहा था मेरे जीवन की किताब

हर पन्ने पर "जय श्री कृष्ण" लिखा था

हर पन्ने पर "श्री कृष्ण शरणं ममः" लिखा था

मैं सहसा गया

कौन लिख रहा था हर पन्ने पर ऐसा

संवरता संवरता पहचान लिया

लिख रही थी मेरी माता "जय श्री कृष्ण"

लिख रहे थे मेरे पिता "श्री कृष्ण शरणं ममः"

माता सुबह मंगल मुहर्त में करती थी पार्थना

पिता शाम की संध्या वंदना में करते थे साधना

यही ही है जीवन पुरुषार्थ जो जन्म करे कृतार्थ

निस्वार्थ से जीना, विश्वास से जीना

संस्कृति संस्कार पल पल संवरना

हर एक के भीतर हरि निहालु

हर मन के भीतर आनंद उजालु

"जय श्री कृष्ण" पल पल निभाऊं

"श्री कृष्ण शरणं ममः" सदा ध्याउँ

न रहे दोष न रहे विटाम्बना

हर पल मधुर रहे मेरे अंगना

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

क्या है हम की हमें

प्रकृति भी हैरान करें

सृष्टि भी हैरान करें

संसार भी हैरान करें

समाज भी हैरान करें

कुटुंब भी हैरान करें

साथी भी हैरान करें

खुद का विचार भी हैरान करें

खुद का कर्म भी हैरान करें

खुद का तन मन धन भी हैरान करें

हाँ! हम क्या है?

हमें अवश्य टटोलना चाहिए।

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

मुझे श्री प्रभु प्रेम पीना है

कैसे?

जैसे मैं उनकी हो जाऊं

जैसे मैं उनमें खो जाऊं

जैसे मैं उनसे जुड़ जाऊं

जैसे मैं उनमें डूब जाऊं

जैसे मैं उनसे लड़ जाऊं

जैसे मैं उनमें विरह जाऊं

जैसे मैं उनसे लूट जाऊं

जैसे मैं उनमें मिट जाऊं

जैसे मैं उनसे लिपटा जाऊं

जैसे मैं उनमें पगला जाऊं

जैसे मैं उनपे मरता जाऊं

जैसे मैं उनमें खिंचता जाऊं

जैसे मैं उनसे संवरता जाऊं

जैसे मैं उनमें भटकता जाऊं

जैसे मैं उनको गाता जाऊं

जैसे मैं उनमें रंगाता जाऊं

जैसे मैं उनसे तडपता जाऊं

जैसे मैं उनमें झूमता जाऊं

🌷🌷🌷🌷🌷🌷🌷

यही तो पीना है - प्रेम रस

जो पीते पीते हर रोम श्याम हो जाये।

मैं श्यामा तु श्यामलिया हो जाये।

मैं राधा तु कृष्ण हो जाये।

मैं गोपि तु गोपाल हो जाये।

मैं मोहनिया तु मोहन हो जाये।

मैं साँवरी तु साँवरिया हो जाये।

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

ऑय संभाल!

ओहह! कौन किसको कहता है

ओहह! कौन किसको सुनाता है

ओहह! कौन किसकी सुनता है

ओहह! कौन किससे कहता है

ओहह! कौन किसीकी सुनता है

ओहह! कौन किसीसे सुनता है

कैसे है ये लोग?

जो क्या क्या कहता है

जो क्या क्या सुनते है

जो क्या क्या सुनाते है

हाँ!

कुछ हाँ में हाँ भरे

कुछ हाँ में ना भरे

कुछ हाँ में ना बोले

कुछ हाँ में मौन रहे

कुछ हाँ में हाँ बोले

कुछ हाँ में ना कहे

कुछ हाँ में हाँ कहे

समझे खुद की भाषा

ऐसे है यह जीवन लोगों के

ऐसे है यह लोग जीवन के

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

क्या है हमारा जीवन? - आश्वस्नीक 😔

क्या है हमारा स्वभाव? - आश्रित 😔

क्या है हमारा अहम? - काल्पनिक 🤔

क्या है हमारा धर्म? - वैश्विक 😁

क्या है हमारी मान्यता? - तार्किक 😏

क्या है हमारी गति? - अर्धनैतिक 🤤

क्या है हमारी कृति? - मान्यस्वीक 🤤

क्या है हमारी दृष्टि - आभासित 😎

हर प्रश्न का उत्तर अति गहराई भरा है।

अवश्य सोचो और अपने आपको समझो और अपनी सर्वोत्तम गति के लिए परिवर्तन कैसे करना है वह अपनावो। 🌷🙏🌷

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

कितना थकना है मुझे
जो हर रीत से थकता जाऊँ
कितना हारना है मुझे
जो हर रीत से हारता जाऊँ
कितना सहना है मुझे
जो हर रीत से सहता जाऊँ
कितना डरना है मुझे
जो हर रीत से डरता जाऊँ
कितना भागना है मुझे
जो हर रीत से भागता जाऊँ
कितना हटना है मुझे
जो हर रीत से हटता जाऊँ
कितना मरना है मुझे
जो हर रीत से मरता जाऊँ
कितना झुकना है मुझे
जो हर रीत से झुकता जाऊँ
कितना समझना है मुझे
जो हर रीत से समझता जाऊँ
कितना रुकना है मुझे
जो हर रीत से रुकता जाऊँ
कितना छुपना है मुझे
जो हर रीत से छुपता जाऊँ
कितना रहना है मुझे
जो हर रीत से रहता जाऊँ
कितना सोचना है मुझे
जो हर रीत से सोचता जाऊँ
कितना करना है मुझे
जो हर रीत से करता जाऊँ
कितना मानना है मुझे
जो हर रीत से मानता जाऊँ

हे मानव! इसीलिए तो तु है
जो तुझे जन्म दिया
जो तुझे मन दिया
जो तुझे जीवन दिया
जो तुझे संसार दिया
जो तुझे सूर्य दिया
जो तुझे आकाश दिया
जो तुझे धरती दिया
जो तुझे सागर दिया
जो तुझे ....
तु ही तु हो
जो तु ही तु हो
"Vibrant Pushti"
"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

मानव

मानुस

मनुष्य

क्या है ये?

मन + आव = मानव

मन + आउस = मानुस

मन + उष्य = मनुष्य

मन सर्वे में है

अब

आव = जिसके पास मन आये

जिसके पास से मन जाये

जिसजे साथ मन जाये

जिसके साथ से मन जाये

जिसके आंतर मन गति करे

जिसके अंदर मन मनचले

यह है मानव

आउस = जो मन को उत्स करे

जो मन का उदभव करे

जो मन को चल अचल करे

जो मन को चंचल करे

जो मन को उजागर करे

जो मन को जागृत करे

यह है मानुस

उष्य = मन का उष हो

मन का धारण हो

मन का धर्म हो

मन का प्रकटना हो

मन का शिक्षण हो

मन का सकर्म हो

मन का संचलन हो

मन का संतुलन हो

यह है मनुष्य

अभी समझले हम कौन है और कैसे है?

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

कभी रुकता हूँ

कभी टटोलता हूँ

कभी जागता हूँ

कभी सोता हूँ

कभी ठहरता हूँ

कभी दौड़ता हूँ

कभी संभलता हूँ

कभी टकराता हूँ

कभी जलता हूँ

कभी तडपता हूँ

कभी भूलता हूँ

कभी छोड़ता हूँ

कभी तोड़ता हूँ

कभी झूमता हूँ

कभी रोता हूँ

कभी सहमता हूँ

कभी विरहता हूँ

कभी गुमसुमता हूँ

कभी अपनाता हूँ

कभी नाचता हूँ

कभी गाता हूँ

कभी भटकता हूँ

कभी भागता हूँ

कभी रमता हूँ

कभी भोगता हूँ

कभी सोचता हूँ

कभी उठता हूँ

कभी पुकारता हूँ

कभी तरसता हूँ

कभी स्पर्शता हूँ

कभी ठुकराता हूँ

कभी जीता हूँ

कभी मरता हूँ

हे मेरी प्रीत! तेरे लिए मैं क्या क्या हूँ?

कभी राधा! कभी यमुना!

कभी कृष्ण! कभी श्याम!

कभी सीते! कभी गोपि!

कभी राम! कभी गोपाल!

क्या क्या करता हूँ!

ऐसे ऐसे ही तुझसे जुड़ता हूँ अकेला अकेला

हे मेरी पुष्टि!

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

हमने सबने देखा

सिर्फ साड़ी

मुस्कुराता मुखडा

एक ही धुन

एक ही संगीत

न पुलिस

न कोई ऐसा रास्ता जो ट्राफिक को हैरान करें

वंदन है 🌷🙏🌷

"Vibrant Pushti"
"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

अभी इतना पता हो रहा है

अहंकार कैसे जागता है,

अहंकार कैसे उठता है,

अहंकार कैसे उदभवता है,

अहंकार कैसे उत्सता है,

हमारे विचार

हमारे व्यवहार

हमारी क्रिया

हमारी सूत्रता से

ये इतनी गहरी और चिंतनीय विशेषज्ञ है

जो जीव और जीवन के हर समय अर्थात काल में जीवंत है।

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🙏🌷

"पिता" जिसका पता सर्वे को रहता है वह 🙏

"पिता" जिसका सन्मान सर्वे को जगाता है वह 🙏

"पिता" जिसका सार्वभौमत्व सर्वे को स्पर्शता है वह 🙏

"पिता" जिसकी निडरता सर्वेको उत्कृष्ट करती है वह 🙏

"पिता" जिसकी मर्यादा सर्वे को अपनानी होती है वह 🙏

"पिता" जिसकी क्षमता सर्वे को मापती है वह 🙏

"पिता" जिसकी एकलता सर्वे को सिखाती है वह 🙏

"पिता" जिसका सामर्थ्य सर्वे को वीरती है वह 🙏

"पिता" जिसकी क्षमा सर्वे को वंदती है वह 🙏

"पिता" जिसकी दीर्घदृष्टि सर्वे को संकेतती है वह 🙏

"पिता" जिसकी छांव सर्वे को शांतती है वह 🙏

"पिता" जिसकी हुँकार सर्वे को हिम्मतती है वह 🙏

"पिता" जिसका मौन सर्वे को निर्णानित है वह 🙏

"पिता" जिसकी प्रीत सर्वे को इखलाती है वह 🙏

"पिता" जिसका अस्तित्व सर्वे को पुरुषार्थी है वह 🙏

"पिता" जिसका नस्तित्व सर्वे को इझराति है वह 🙏

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

योगिनी मैं बन जाऊँ साँवरिया तोरी

योगिनी मैं बन जाऊँ साँवरिया तोरी

योगिनी बन कर वन वन डोलू

तेरे ही गुन गाउँ

नित उरकी कंपित वीणा पर

तेरा ध्यान लगाऊँ

योगिनी मैं बन जाऊँ साँवरिया तोरी

यमुना बन कर गोवर्धन सिंचु

व्रजरज ही जगाऊँ

जीवन परिभ्रमण पुष्टि कर

पुष्टि पंथ प्रकटाऊँ

योगिनी मैं बन जाऊँ साँवरिया तोरी

योगिनी मैं बन जाऊँ साँवरिया तोही

"योगिनी एकादशी" सर्वे पुष्टि जनो को प्रणाम 🙏

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

ये तो कहो

ये तो कहो

कौन हो तुम?

याद भी निराली

महक भी मतवाली

तन मन कैसे करें रखवाली

बिंदिया सजायी

कंगना खनकायी

पायल पुकारें प्रीत पिया साँवरी

हो हो ये तो कहो

ये तो कहो

कौन हो तुम?

कौन हो तुम?

नैन नैन मिलायी

अंग अंग लगायी

रोम रोम साँवरा रंग अपनायी

साँस साँस जगायी

अधर अधर पिलायी

आत्म श्याम पुष्टि प्रीत प्रकटायी

हो हो ये तो कहो

ये तो कहो

कौन हो तुम?

कौन हो तुम?

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

ऐसा तो क्या करें

जिससे खुद से आनंद प्रकटे

जिससे खुद से विशुद्धता जागे

जिससे खुद से पवित्रता प्रसरे

जिससे खुद से मधुरता महके

जिससे खुद से विश्वास द्रडे

जिससे खुद से ज्ञान बढ़े

जिससे खुद से कष्ट नष्टे

जिससे खुद से सेवा उठे

जिससे खुद से करुणा बहे

जिससे खुद से सन्मान वंदे

जिससे खुद से भक्ति सींचे

जिससे खुद से तेज प्रखरे

हाँ! यही तो हमारा जन्म और जीवन है।

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण" 🌷🌷🌷

"रथयात्रा"

रथ अर्थात मन

रथ अर्थात तन

रथ अर्थात धन

रथ अर्थात आत्म

रथ अर्थात अंश

रथ अर्थात जीव

यात्रा अर्थात मानसी

यात्रा अर्थात परिक्रमा

यात्रा अर्थात व्यय - व्यतीत

यात्रा अर्थात परिभ्रमण

यात्रा अर्थात जन्म जन्मांतर

यात्रा अर्थात भटकवु

रथयात्रा

मन की मानसी

तन की परिक्रमा

धन का व्यय - व्यतीत - व्यवहार

आत्म का परिभ्रमण

अंश का जन्म जन्मांतर

जीव का भटकना

अति गहरी और सर्वोत्तम रहस्य है यह कि हम कौन और कैसे है और कौनसी दिशा में कैसी गति।

रथयात्रा से एक ऐसा परीक्षण है जो अंशी अर्थात परमात्मा - परब्रह्म अपनी खुद की निधि, रीति, गति को खुद अपने कर्म से जो घटित हुआ है और होते होते जो परिवर्तन होता है उनका निरीक्षण करके खुद का अहेवाल तैयार करके खुद की पहचान करके खुद में कितना परिवर्तन करना है जिससे हर तत्व, ब्रह्मांड, प्रकृति, सृष्टि, जगत में विशुद्धता, योग्यता, पवित्रता, धर्मता, सत्यता की व्यापकता सुधार हो।

"कर्म का सिद्धांत सर्वे की पहचान" 🙏🙏🙏

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

"रथ पर सवार हो कर

आया मेरा जगन्नाथ"

जन्म जन्म की प्यास बुझाने

खड़े है हम भी ऐसे

जैसे उनकी धर्म प्रियता धरके

जय घोष हम भी करते है

जैसे उनकी कर्म सिद्धांत रीत अपनाके

आया आया "मेरा जगन्नाथ आया"

"Vibrant Pushti"
"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

प्रीत की रीत से आत्म परमात्मा हो जाता है

जैसे

लैला - मजनू

हीर - रांझा

रोमियो - जूलियट

और हमारा जीवन?

हम कितने मर्यादित अर्थात कितने असमंजस अर्थात कितने संकुचित अर्थात कितने संशयी अर्थात कितने नासमझ अर्थात कितने अज्ञानी है कि

हम प्रीत को कैसे कैसे विचारो, क्रियाओ, रीतो, मान्यताओं, साधारणताओ, सामान्यताओ, अधुरपताओ, रुढताओ, अव्यवहारताओ, निम्नताओ से देखते है, छूते है, भोगते है, सोचते है, कृतकृतते है, नियमितते है, द्रढ़ते है, दोरते है, सिंचते है, अपनाते है, घूटते है, लूटते है, मोड़ते है, योजते है, संसर्गते है, शिक्षते है, घडते है, बांधते है, संहारते है, नियमनते है, डरते है, छुपाते है, भागते है, मारते है, अविश्वाशते है, असत्यते है, दुष्टते है, धृष्टते है, दुरुपयोगते है, अंधारते है, डुबोते है, नष्टते है, व्याकुलते है, भ्रष्टते है, बुझाते है, भुसते है, खोते है, तोड़ते है, बरबादते है, कपटते, छोड़ते है, भूलते है, मुंझाते है, सहते है, नफरतते है, स्वार्थते है।

सच हम क्या है?🙏

मुझे नही पता है

मैं कैसा मनुष्य हूँ?

मैं कैसा इन्सान हूँ?

मैं कैसा आदम हूँ?

मैं कैसा व्यक्ति हूँ?

हिंदुत्व अपनावित

न राधा को समझ सकता हूँ न कृष्ण को समझ सकता हूँ

न भक्त को समझ सकता हूँ न भगवान को समझ सकता हूँ

न ज्ञान को समझ सकता हूँ न श्रेष्ठ गुरु - आचार्य को समझ सकता हूँ।🙏

केवल भटकता हुआ एक जीव हूँ।🙏

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

"कृष्ण" क्या क्या है?

हमारे परम प्रिय श्री आचार्यजी हममें श्री कृष्ण का निरूपण कैसे करते है?

हम जो भी मनुष्य है, हममें विशुद्धता, पवित्रता, विश्वसनीयता, योग्यता, अखंडता, स्थिरता और आनंदमयता का उत्स जो करें और धरे वही हमारे परम प्रिय गुरु है, हमारे परम प्रिय आचार्य है।

संप्रदाय कोई भी हो पर जो हममें अपनी

अनन्ता एव कृष्णस्य लीला नामप्रवर्तिका:।🌷

पुरुषो ध्यानमत्रोतक्तमं सिद्धि: शरणसंस्मृति:।🌷

भक्तोध्द्वार प्रयत्नात्मा जगत्कर्ता जगन्मय:।🌷

भक्तिप्रवर्तकस्त्राता व्यासचिन्ताविनाशक:।🌷

अन्तरात्मा ध्यानगम्यो भक्तिरत्नप्रदायक:।🌷

भक्तकार्यकनिरतो द्रौण्यस्त्रविनिवारक:।🌷

भक्तसम्यप्रणेता च भक्त वाक्परिपालक:।🌷

ब्रह्मण्यदेवो धर्मात्मा भक्तानां च परीक्षक:।🌷

उत्तराप्राणदाता च ब्रह्मास्त्रविनिवारक:।

🌷🌷🌷🌷🌷🌷🌷🌷

ओहह मेरे श्रेष्ठतम श्री प्रभु!🌷🙏🌷

ओहह मेरे परम श्रेष्ठ श्री आचार्य!🌷🙏🌷

आपने हमें क्या क्या रहस्य कह दिये, सार्थक किया, सिद्ध किये, प्रमाणित किये।

🌷🌷🌷🌷🌷🌷🌷🌷

आपको हमारा कोटि कोटि वंदन!🙏

आपको हमारा साष्टांग दंडवत प्रणाम!🙏

कितनी सहजता और सरलता से हममें श्री कृष्ण को उत्स किया और निरुपण किया।

अदभुत! 🙏

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

हम मनुष्य है, हममें कहीं ज्ञानेन्द्रियाँ है, भावेन्द्रियाँ है, सिद्धेन्द्रियाँ है, सुसुस्पतेन्द्रियाँ है और कर्मेन्द्रियाँ है।

हर एक कि पहचान है, सार्थकता है, विशेषता है, योग्यता है।

आज हम इनमें से एक का पूछते है

"सुनना" किसे कहते है और क्यूँ कहते है?

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

थकु मैं ऐसे विचारों से
जो मेरा संसार असार करे
हारु मैं ऐसी वृत्ति से
जो मेरा मन विचलित करे
डरु मैं ऐसे कुकर्म से
जो मेरा अंग अधर्म आचरे
याचूँ मैं ऐसी तृष्णा से
जो मेरा आंतर दीप बुझाये
भागु मैं ऐसी घृणा से
जो मेरा सामर्थ्य हारता जाये
छुपु मैं ऐसे वचन से
जो मेरा अस्तित्व मिटाता जाये
पूछूं मैं ऐसे कथन से
जो मेरा ज्ञान मूर्खता जाये
निभाऊं मैं ऐसे रंज से
जो मेरा संबंध अहवेलता जाये
संस्कृतु मैं ऐसी अविद्या से
जो मेरी शिक्षा भ्रष्टति जाये
विचरु मैं ऐसे कुसंस्कार से
जो मेरा जन्म मरता जाये
अर्चनु मैं ऐसे स्वार्थ से
जो मेरा धन बिखरता जाये
रहूँ मैं ऐसी अशुद्धि से
जो मेरी प्रीत दुष्टति जाये
भजु मैं ऐसे संदेह से
जो मेरा प्रभु रुठता जाये
नहीं नहीं! हे प्रभु प्रियतम!
न मुझसे कुछ ऐसा होना
जो मैं तेरा अंश न रहूँ।
"Vibrant Pushti"
"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

"विषय" "विष"

हम हर शास्त्र में पढ़ते है,

हम हर शास्त्री से सुनते है,

हमें हर सत्संग में समझाते है,

हमें हर बार जागृत करते है,

विषयों अर्थात विष की आपूर्ति, विष की चेष्टा, विष की स्वीकृतता, विष की लोलुपता, विष की चंचलता, विष की मोहकता, विष की वृत्तता यह शरीर, यह जीवन, यह जन्म को नष्ट करता है।

हम समझते है - हम संसारी है, हम अज्ञानी है, हम जीव है, हम मानव है, तो हम सूक्ष्मता से भी विषयों से जुड़े ही है, एकात्म है, एक रुप है, एक्य है, साम्य है। तो ये गलत है। हमारी यही धारणा, मान्यता, स्वीकार्यता ही हमारा शरीर, हमारा जीवन और हमारा जन्म को नष्ट करता है। जो विष से जुड़े है उनका मृत्यु निश्चिंत है, मुक्ति हीन है, मृत्यु के सार्थकं है। इसीलिए तो हमारा मृत्यु निश्चयी है। चाहे हम शास्त्री हो, ज्ञानी हो, संत हो, बुद्धिवन्त हो, भक्त हो तो भी हमारे लिए हमारा काल निश्चिंत है।

न मुक्ति न प्रीति

न समृद्धि, न बुद्धि

न प्रज्ञानी, न भक्ति

केवल और केवल दोष युक्त

केवल और केवल भ्रष्ट सुक्त

मृत्यु, मृत्यु, मृत्यु, मृत्यु

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

मन से मोहन

तन से त्रेत्रयं

धन से धनंजय

नयन से नयनाभिराम

कर्ण से करुणाधार

नासिका से नरसिंह

अधर से अच्युत

मुख से मुखारविंद

मुखडा से माधव

ऐसो है मेरो श्याम

जो मोहे हर मुखड़े के तीर से तारे

जो मोहे हर मुखड़े के भाव से भावे

जो मोहे हर मुखड़े के इशारे से इशे

यही है मेरा सुंदिर श्याम!

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण" 🌷🌷🌷

"अहं ब्रह्मास्मि" श्री जगतगुरु शंकराचार्यजी ने बृहत और विशालता से द्रष्टि दिशा दर्शायी है, जतायी है कि - हम कौन है? यह पहचान के लिए अति सूक्ष्मता से संस्कृत किया है।

अहंकारी विचार धारा, अर्धज्ञानी चिंतन और मनन धारा से हम खुद को और खुद के विचार और क्रिया को निम्न और अघटित कर दिया है।

"अहं ब्रह्मास्मि" ये कोई साधारण सूत्र नही है। ये अति गूढ, विशुध्ध , संस्कृत स्पर्शिय, प्रज्ञानी सिद्धि है।

जो हमें यह उत्स करती है कि

हम खुद ही हमारा सत्य का उजागर करे

हम खुद ही अपने आपको पहचाने

हम खुद ही ज्ञान का दीपक प्रज्वल्लित करे

हम खुद ही हमारा अहंकार नष्ट करे

हम खुद ही हमारा धर्म जगाये

हम खुद ही हमारा चैतन्य स्वरुप जगाये

हम खुद ही हमारे विषयो को अमृत करे

हम खुद ही हमारा द्वैत मिटाये

हम खुद ही हमारा विकार मिटाये

हम खुद ही हममें योग्य व्यक्तित्व जगाये

हम खुद ही आनंद है जो परमानंद हो जाये

हम खुद ही हमारी निस्पृहता को द्रढ करे

हम खुद ही हमारी भ्रमणा को मार सकते है

"अहं ब्रह्मास्मि" को जागृत करना ही हमारी योग्यता है।

हर जीव तत्व "अहं ब्रह्मास्मि" तो सारा जगत ब्रहम हो तो हम परंब्रह्म में एकात्म हो सकते है।

हमारे सर्वे गुरु आचार्यो को यही

"Vibrant Pushti"

सुमन से चरण स्पर्श वंदन🌷🙏🌷

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

मेरे प्रिये! मेरे परम पूज्य सत्यार्थी!

मेरे परम प्रीते! मेरे परम स्नेहार्थी!

मेरे वंदनीय! मेरे सदा स्मरणीय!

मेरे वचनीय! मेरे कर्मगतिय!

मेरे स्पर्शिय! मेरे दर्शनीय!

मेरे सारथी! मेरे प्रत्यार्थी!

हे मेरे श्री गुरुजी! आपने हृदयस्थ प्रणाम!

मुझे मेरे जीवन और जन्म कृतार्थ करने

जो आपके सीमाचिन्ह मार्गदर्शन पा रहा हूँ

यह सदा शिक्षामृत धारा मुझे प्राप्त हो रही है

उन्हें मैं सदा पवित्रार्थे, कल्याणार्थे, योग्यतार्थे, धर्मार्थे हर तत्वों को प्रदान करु ऐसी विनंती स्वीकार्य हो!🌷🙏🌷

"Vibrant Pushti"
"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

यहाँ की मिट्टी क्या है?
यहाँ की हवा क्या है?
यहाँ की धरा क्या है?
यहाँ की महक क्या है?
यहाँ की नदी क्या है?
यहाँ की भूमि क्या है?
यहाँ की गूँज क्या है?
यहाँ का जल क्या है?
यहाँ का अन्न क्या है?
यहाँ का साँस क्या है?
यहाँ का वास क्या है?
यहाँ का आवास क्या है?
यहाँ का आकाश क्या है?
यहाँ का सागर क्या है?
यहाँ का स्वर क्या है?
यहाँ का मंत्र क्या है?
यहाँ का धर्म क्या है?
यहाँ का वायु क्या है?
यहाँ का जन्म क्या है?
यहाँ का साक्षर क्या है?
यहाँ का संस्कार क्या है?
यहाँ का जीवन क्या है?
क्या कहे यह हिंदुस्थान को!
सच! क्या है? क्या करते है हम?
हर व्यक्ति सोचे!
हर वासी सोचे!
हर आवासी सोचे!
ओह्ह! श्री आचार्यो!
ओह्ह! श्री अवतारों!
ओह्ह! श्री ....
"Vibrant Pushti"
"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

भिन्न भिन्न की भिन्नता में खो गया मैं
भिन्न भिन्न की भिन्नता में डूब गया मैं
कैसे भिन्न से जन्म कैसे भिन्न से जीवन
कैसे भिन्न से रंग कैसे भिन्न से संग
सच!
कैसे भिन्न से संस्कार सींचने के
कैसे भिन्न से शिक्षण सिखने के
कैसी भिन्नता से गति जगाने की
कैसी भिन्नता से मति पा ने की
जो पल पल विचार नविचार कराये
जो पल पल क्रिया अक्रिया सरजाये
भिन्न भिन्न की भिन्नता में खुद को खुद से भुलाये
भिन्न भिन्न की भिन्नता में खुद को अपनो से मिटाये
हा! पस्तावो विपुल झरना
स्वर्ग से गति करता है
पापी उनमें खुद को डूबाके
पूण्यशाली होता है
ओहह! कैसी है भिन्न लीला उपर वाले की
जो भिन्न भिन्न की भिन्नता में खुद को लूटाते जाता है
जो भिन्न भिन्न की भिन्नता में खुद को मारते जाता है
कैसी ये भिन्नता जो न खुद जिये न अपने को जियाये
जो भिन्न भिन्न की भिन्नता में खुद को जलाते जाता है।
ओहह! प्रकृति धारी
ओहह! प्रकृति प्यारे
तुझे यह साधक का आत्मीय प्रणाम!🌷🙏🌷
"Vibrant Pushti"
"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

जीवन की सच्चाई में

1, कभी भी कैसी भी सोच जो अच्छी होगी तो हमें तारेगी, जो बुरी होगी तो हमें मारेगी ही

2, कभी भी कैसा भी बोल अर्थात कथन अर्थात कहा जो अच्छा होगा तो हमें साथ देगा जो बुरा होगा तो हमें हैरान करेगा ही

3, कभी भी कैसा भी चुराया होगा जो तुल्य हीन होगा या तुच्छ होगा तो हमसे वापस लेगा ही लेगा

4, कभी भी कैसी भी दृष्टि हमनें निहारी होगी जो शुद्ध होगी वह हमें शुद्ध ही करेगी जो अशुद्ध होगी तो अशुद्ध ही करेगी

5, कभी भी कैसी भी क्रिया हमनें करी होगी जो सैद्धान्तिक होगी तो सैद्धान्तिक पूर्णता करेगी जो असैद्धांतिक होगी तो असैद्धांतिक अधुरूप कर हमें अयोग्य परिष्कृत करेगी ही

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

हर बूँद में रीत भरी है

बूँद बूँद परिवर्तिता है

जिसको छुये बूँद का है

जिसको पीये बूँद का है

बूँद से पहचाना बूँद होना

बूँद से बूँद एक धारा होना

जैसे वसुंधरा का सागर

जैसे मन जीवन की माँ

क्षण क्षण संस्कृत

घड़ी घड़ी अमृत

बूँद बूँद प्रीतामृत

ओ! मेरे परम प्रिये परमात्मा!

तु हर रीत से है मेरा प्रियतम!

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

जीवन के हर जीव की कोई चरित्रता है

प्रकृति के हर तत्व की कोई पहचान है

सृष्टि के हर रचना की कोई स्पष्टता है

ब्रह्मांड के हर पदार्थ की कोई गति है

सच! हर स्पर्शता से जो पुष्टि ऊर्जा उठे तो

हर जीव श्री कृष्ण हो

हर तत्व श्री गोवर्धन हो

हर रचना श्री यमुना हो

हर पदार्थ श्री राधा हो

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

"भगवान" भग + वान = भगवान

भग - जो तत्व हर तत्वों का रक्षण करे

भग - जो तत्व हर तत्वों को विशुद्ध भाव का अनुभव करावे

भग - जो तत्व हर तत्वों का भूत अर्थात अनुशाशन है

भग - जो तत्व प्रकृति, सृष्टि और संसार में रहने और होने से उन्हें प्रकृति, सृष्टि और संसार के बंधनों का स्पर्श नही होता है

भग - जो तत्व अपने विचार, क्रिया और अनुसंधान से प्रकृति, सृष्टि और संसार के घटमाल से मुक्ति प्रदान करे

भग - जो तत्व अपने सामर्थ्य से भूत, वर्तमान और भविष्य में हर तत्वों को योग्यता संस्कृत करे

भग - जो तत्व अपने आप प्रकट हो कर प्रकृति, सृष्टि और संसार का साकार स्वरूप धारण करके सारी प्रकृति, सृष्टि और संसार में आमूल परिवर्तन करके - धर्म संस्थापन करे

यही तो वान है मूल तत्व का

यह तत्व को भगवान कहते है

यह तत्व को परम श्रेष्ठ कहते है

यह तत्व को परमेश्वर कहते है

यह तत्व को परमात्मा कहते है

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

ओ श्रीनाथजी

तेरा द्वार है नाथद्वारा

तेरा बसना है बरसाना

तेरा नाचना है नंदगाँव

तेरा लीला वृंद है वृंदावना

तेरा गौचारण है गोवर्धना

खुद को संभालना अब ऐसी रीत से

क्यूँकी

मेरा नैन है अब तेरा द्वार - नाथद्वार

मेरा तन है अब तेरा बसना - बरसाना

मेरा मन है अब तेरा नाचना - नंदगाँव

मेरी इन्द्रियाँ है अब तेरा वृंद - वृंदावन

मेरी क्रिया है अब गौचारण - गोवर्धन

तुझे ठहरना मेरे द्वार

तुझे बसना मेरे स्वार

तुझे नाचना मेरे घर

तुझे लूटाना मेरे प्यार

तुझे करना मेरे गौचार

क्यूँकी

तुने जन्म दिया जगत द्वार

तुने मनुष्य तन रचाया सृष्टि अपार

तुने नाँच नचाने जगाया संसार

तुने प्रीत लुटाने प्रकटाया प्यार

तुने पुरुषार्थ करने किया धर्म संस्कार

यही नैन है तेरे

यही मन है तेरे

यही तन है तेरे

यही धन है तेरे

यही जीवन है तेरे

यही स्मरण है तेरे

यही प्रियतम है तेरे

न तु कहीं जा सकता है हमसे

न तु कुछ कर सकता है बिना हमसे

तु ही हम है

हम ही तु है।

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

कितनी बार सुना यह कलयुग है

और

कितनी बार सोचा कि

मेरा जन्म यह कलियुग में ही क्यूँ?

क्या आपने भी कभी सोचा है?

सतयुग में ऐसा क्या था

त्रेतायुग में ऐसा क्या था

द्वापरयुग में ऐसा क्या था

कलयुग में ऐसा क्या है?

परंब्रहम ने तो तीनो युग में अवतार धारण किया था, क्यूँ?

कैसी लीला

कैसी गति

कैसी रीति

कैसी मति

कैसी तृष्टि

समझना तो चाहिए!

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

हाँ! आज कहना भी कुछ होता है

हाँ! आज बोलना भी कुछ होता है

हाँ! आज सुनना भी कुछ होता है

हाँ!

पर एक सर्वोत्तम रीत भी है

हाँ! मौन रहना

इससे तो होता ही है

जो संसार के सुख दुःख का फैसला

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

"सौभाग्य"

हमारे जन्म से लेकर हमारी अनुसार, अनुरूप, अनुभव, अनुमति, अनुग्रह, अनुकूल, अनुगामी, अनुगमन, अनुहार, अनुकरण, अनुकंपा, अनुराग, अनुज्ञात, अनुसंधान, अनुमान, अनुमोदन, अनुशाशन कर्म करते करते जो गति पाते है, यही गति हमें हमारी आंतरिकता और बाहयता में ज्ञान, भाव, स्पर्श, और आनंद की कक्षा पर पहुंचाते हैं, यही कक्षा सूक्ष्मता से हमारा भाग्य संवारता है और संवारते संवारते हमें सौभाग्य प्राप्त करवाता है, यही सौभाग्य से ही हमें श्री प्रभु स्मरण, श्री प्रभु दर्शन, श्री प्रभु ज्ञान, श्री प्रभु भाव, श्री प्रभु अनुभव, श्री प्रभु स्पर्श होता है।

यही ही सौभाग्य है।

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

आज श्री गणेश चतुर्थी है।

आप क्या समझ रहे हो कि

श्री प्रभु हमारे घर पधारे - हमारे आँगन पधारे!

हाँ!

तो हमें प्रथम खुद को आध्यात्मिक संकल्प करना है,

हमें खुद को आध्यात्मिक पुरुषार्थ करना है,

हमें खुद को आध्यात्मिक अंतःकरण जगाना है।

आध्यात्मिक संकल्प -

हमारे मन, तन, धन में श्री प्रभु पधारे

अर्थात

हम जो भी सोचें - मन

हम जो भी क्रिया करें - तन

हम जो भी व्यवहार धरें - धन

उनमें शुद्धता हो

उनमें पवित्रता हो

उनमें निःस्वार्थ हो

यह शुद्धता हम पायेंगे - हमारा योग्य नियम और संयम से

यह पवित्रता पायेंगे - हमारा आचरण और आवरण से

यह निःस्वार्थता पायेंगे - हम अपने आपको समर्पित करके

यही तो है प्राथमिक प्राधान्य श्री गणेश चतुर्थी की उत्सव की - जो श्री प्रभु पधारे हमारे घर - हमारे आँगन तो हमें कैसा होना है, हमें कैसा रहना है, हमें कैसा सँवरना है।

न समझो ऐसा की यह मर्यादा है

न समझो ऐसा की यह अन्याश्रय है

न समझो ऐसा की यह पुष्टि नही है

अरे!

हममें शुद्धता जगानी है तो

न भेदभाव करें केवल योग्य मन भाव करे

हममें पवित्रता जगानी है तो

न धर्म का विभाजन करें केवल योग्य तन कृति करे

हममें निःस्वार्थता जगानी है तो

न भौतिकता का संग्रह करें केवल योग्य आध्यात्मिक आचरण करे

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

सखा सखी सखी सखा

रिश्ता निराला

जो मिले तो खेल निराला

जो न मिले तो विरह निराला

न दूजे को एक से चले

न एक को दूजे से चले

उनका तन एक

उनका मन एक

हर रीत में समर्पण अनेक

हर लीला में आनंद अनेक

कोई एक से रूठे

हर कोई अनेक से रूठे

कोई अनेक से रूठे

हर एक हर एक से रूठे

ढूंढे चित अपरंपार

टूटे पल वारंवार

न चैन अति दूर में

बहुत बैचैन अति विरह में

कब मिले कब मिले

मन व्याकुल तन आकुल

प्रीत की हर साँस नही बिलकुल

ओहह!

हर एक कि ....

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

श्री सुबोधिनीजी🌷🌷🌷

"निवृत्त तर्षा रुप गीयमानाभ्दवौ षधाच्छ्रोत्रमनो भिरामात्।

क उत्तमश्लोकगुणानुवादात् पुमान् विरज्येत विना पशुघ्नात् ।।

श्रीवल्लभ! कितना अलौकिक और सर्वोत्तम हमें शिखा रहे है।

श्री प्रभु स्मरण - श्री प्रभु धून - श्री प्रभु नाम सकीर्तन - श्री प्रभु भजन - श्री प्रभु गुणगान - श्री प्रभु भक्ति गान - श्री प्रभु भक्ति कथन - श्री प्रभु भक्ति कहन - श्री प्रभु भक्ति श्रवण - श्री प्रभु स्मरण ऊवाच - श्री प्रभु भक्ति स्वरर - श्री प्रभु भक्ति सृजन

कोई सामान्यता नही है, यह कोई ऐसी कृति और गति नही है जो ऐसे ही उत्स हो जाए, उदभव हो जाए, प्रकट हो जाए, जागृत हो जाए, उजागर हो जाये, उठ जाए।

हमारा कोई न कोई

जन्मों जन्म का

अंशी अंश का

संयोजित संयोग का

स्पर्श स्पर्श का

ऋणात्मक बंधन का

संबंध ब्रह्मसंबंध का

एकात्मता हो, तो ही हम यह संस्करण पाते है, नही तो

न स्मरण है न ध्यान है

केवल मोह, लोभ, काम में खो जाते है, भूल जाते है, नष्ट हो जाते है।

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण" 🌷🌷🌷

आगे है............

"राधा"

हमारी आध्यात्मिक और आंतरिक ऊर्जा है जो संपूर्ण विशुद्ध, पवित्र, विश्वसनीय परम प्रीत है।

हमारे जीवन में

ओ राधा!

ओह्ह राधा!

आह राधा!

जो प्रकट होता है वह केवल और केवल

हममें जो नैतिकता है

हममें जो पुष्टता है

हममें जो निखालसता है

हममें जो साक्षरता है

हममें जो सृजनता है

हममें जो मधुरता है

हममें जो संयोगता है

हममें जो विरहता है

हममें जो तीव्रता है

हममें जो सत्यता है

हममें जो जागृतता है

हममें जो माधुर्यता है

यही हमारी "राधा" है

हमारी राधा हमारे आंतर आनंद से ही प्रकट है।

ओ मेरी राधा!

ओ प्रिय राधा!

ओ प्रियतम राधा!

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

मैं कहाँ कहाँ गया ?

मुझे हर जहाँ ले गया जो मेरे मन ने सोचा

मैंने कैसे कैसे सोचा?

मेरा संकल्प से,

मेरी कृति से,

मेरी संस्कृति से,

मेरी शिक्षा से,

मेरा धर्म से,

मेरा आंतर नाद से,

हर जहाँ वह कैसा जहाँ?

जो सांसारिक है

जो प्राकृतिक है

जो धार्मिक है

जो व्यवसायिक है

जो सामाजिक है

जो आध्यात्मिक है

जो मार्मिक है

जो सार्वजनिक है

गया जहाँ पाया …………

पाया ऐसा जिसने जो जो रास्ता बनाया

पाया ऐसा जिसने जो जो कर्म जताया

पाया ऐसा जिसने जो जो धर्म निभाया

पाया ऐसा जिसने जो जो मर्म समझाया

पाया ऐसा जिसने जो जो व्यवहार शिखाया

पाया ऐसा जिसने जो जो प्रकृति उगाया

पाया ऐसा जिसने जो जो जीवन जीया

पाया ऐसा जिसने जो जो संस्कार समाया

पाया ऐसा जिसने जो जो आध्यात्म जगाया

पाया ऐसा जिसने जो जो समाज बसाया

पाया ऐसा जिसने जो जो खुद को बढ़ाया

पाया ऐसा जिसने जो जो तन मन धन रचाया

मुझे मुझसे यही धरना

जो जो मेरा सत्य सँवारा

यही सत्य से जगत संवर्धना

जाना जहाँ जहाँ मेरा जन्म निभाना

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

थिरक ने लगा मनवा मोरा

श्रीमद भागवत कथा सुन कर

थिरक ने लगा तनवा मोरा

श्री भीष्म चरित्र समझ कर

थिरक ने लगा धनवा मोरा

श्री रावण सामर्थ्य पहचान कर

थिरक ने लगा आत्मवा मोरा

श्री सीता विरह स्पर्श कर

थिरक ने लगा जन्म मोरा

जी रहा हूँ ऐसे ऐसे धर्म अपना कर

थिरक ने लगा जीवन मोरा

कहाँ कैसे खुद को छुप छुप कर

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

कैसे ले सकता हूँ कुछ किसीका

मेरा अंग है

है मेरी हर इन्द्रियाँ

मेरा मन है

है मेरी हर सच्चाई

मेरा धन है

है मेरा हर पुरुषार्थाई

मेरा विश्वास है

है मेरी हर इमानाई

मेरा धर्म है

है मेरी हर साक्षाराई

किसका ले कर क्या हो सकता है मेरा

जो सूत सूत कर जो ऋण ऋण कर भरपाई

जन्म जन्म जीवन जीवन कब तक करे भुगताई

सोच से ले लू

सामर्थ्य से ले लू

मन से ले लू

तन से ले लू

लूट से ले लू

घुमाके ले लू

बल से ले लू

कल से ले लू

चोरी से ले लू

छल से ले लू

कपट से ले लू

झपट से ले लू

कैसे भी लिया मैं हो गया अदा कार

जन्म जन्म में जीवन जीवन से

मैं हो गया कोई कोई का करज दार

फसता चला मैं डूबता गया मैं

रुँधता भरा अँधता अपनाता संसार

कौन कैसे निकाले कैसे संभाले

हर घड़ी से मैं घट घट भरता मायाजाल

"श्री कृष्ण शरणं ममः" केवल एक द्वार

जो आंतर मन तन धन जगाये संस्कार

जो घट घट मिटाये हर ऋण स्वीकार

मनुष्य योनि मनुष्य ज्ञानी मनुष्य शक्ति मनुष्य भक्ति

यही ही है सृष्टि संचार यही ही है प्रकृति पुकार

यही ही है सत साक्षात्कार यही ही है आनंदाकार

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

लहर लहर सरर सररर

श्री यमुनाजी मधुर मधुर

साँस को सहाये नैन में समाये

मधुर मधुर से अंग में ठहराये

पुलकित पुलकित मन नचाये

अधर अधर से पुष्टि प्रकटाये

ठहर ठहर से धड़कन रुकाये

प्रियतम आत्म को प्रीत स्पर्शाये

ऐसी निराली रीत जगाये

न एक दूजे से दूर कराये

साँवरे साँवरी की लीला न्यारी

चतुर्थप्रिया का सौभाग्य सोहायी

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

"दान" क्या समझते है

कोई आश्रित को कुछ दे

कोई जरूरियात मंद को कुछ दे

कोई मांगनार को कुछ दे

कोई लाचार को कुछ दे

कोई व्यवस्था के निर्माण में कुछ दे

कोई आश्रम को कुछ दे

कोई सामाजिक सेवा संस्थान को कुछ दे

कोई कौटुम्बिक निसहाय को कुछ दे

कोई निःसहाय को कुछ दे

कोई ब्राहमण समझ कर कुछ दे

यह दान नही है।

दान एक संस्कार है

दान एक विश्वास है

दान एक सामर्थ्य है

दान एक साक्षरता है

दान एक योग्यता है

दान एक शुद्धता है

दान एक पूर्णता है

दान एक सेवा है

दान एक नियामकता है

दान एक संयमता है

दान एक सृजनता है

दान एक कर्मनिष्ठा है

दान एक धर्म है

दान एक आदर है

दान एक आदर्शता है

दान एक ज्ञान है

दान एक माधुर्य है

दान एक संयोगता है

दान एक समानता है

दान एक उत्सव है

दान एक शिक्षा है

दान एक प्रीति है

दान एक नीति है

दान तो सृष्टि - प्रकृति - जगत - ब्रह्मांड का संयमन है, अधिकार है, अहंकार नष्ट करने का अलौकिक अद्वैत हेतु है।

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

कैसे कैसे मन के मनुष्यों में

मैं मनुष्य और मेरा मन

क्या क्या सोचता है

क्या क्या पाता है

मुझमें पल पल परिवर्तन करता है

मुझे पल पल भिन्न भिन्न कहता है

मुझसे पल पल कुछ कुछ करवाता है

क्या हूँ मैं कैसा है मन कैसा हूँ मनुष्य

जो कोई मन ने कुछ कहा

जो कोई मनुष्य ने कुछ करा

न खुद के मन को समझ सका

न कोई मन को पढ़ सका

न खुद का मनुष्यत्व को पहचान सका

न कोई मनुष्य को जान सका

फिरता रहा जन्मों जन्मों तक

भटकता रहा योनि योनि तक

न मन का मनुष्य हो सका

न मनुष्य का मन हो सका

न खुद के मन को संस्कृत कर सका

न खुद का मनुष्यत्व को स्थिर कर सका

यूँही चलता गया मिलता गया लपटता गया

अभी भी मन को और मनुष्यत्व को कहता हूँ

ऐसा संसार है ऐसा जगत है

मेरा मन भी ऐसा है मेरा मनुष्यत्व भी ऐसा है

जो दूसरों के मन के आधीन है

जो दूसरों के मनुष्यत्व के गुलाम है

जो किसीको गुरु बनाया किसीको दोस्त

जो किसीको जीवन साथी बनाया किसीको कुछ

पर

न खुद के मन को कुछ बनाया

न खुद के मनुष्यत्व को कुछ बनाया

यही तो है जीवन मेरा यही है जगत मेरा

यही तो है धर्म मेरा यही तो है कर्म मेरा

मैं न मन हो सका न मैं मनुष्य हो सका

अकेले बैठ के सोच लेना........

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

राह एक पर रास्ता अनेक
स्थली एक पर मुसाफिर अनेक
जगह एक पर नक्शा अनेक
चलना एक पर मोड़ना अनेक
संधान एक पर साधन अनेक
गति चिन्ह एक पर गति अनेक
साथ दौड़ना एक पर साथी अनेक
चौराहा एक पर अवरोधक अनेक
इंधन एक पर वाहन अनेक
मार्ग एक पर द्विमार्ग अनेक
नियम एक पर अनियमन अनेक
संचालन एक पर संकेत अनेक
पगडंडी एक पर वटे मार्गी अनेक
भुगतान एक पर भोगते अनेक
नजर एक पर इशारे अनेक
सिपाही एक पर दंडी अनेक
नजदीक हर एक पर दूर अनेक

क्या करे हम तो अधिनियमन भारत के सहनशील भारतीय है
हर राह मेरी है हर गति मेरी है
तो
चलना मेरी मरजी - रुकना मेरी मरजी - हंकारना मेरी मरजी
"Vibrant Pushti"
"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

मैं कौन हूँ?

मैं क्यूँ हूँ?

मैं कैसा हूँ?

मैं क्या हूँ?

मैं क्या कर रहा हूँ?

मैं क्या हो रहा हूँ?

मुझे क्या करना है?

मुझे क्यूँ करना है?

मैं ही क्यूँ?

यह जिज्ञासा हमारा मन बदल देगा

यह पिपासा हमारा धन बदल देगा

यह तृषा हमारा तन बदल देगा

यह शिक्षा हमारा धर्म बदल देगा

यह आकांक्षा हमारा जीवन बदल देगा

यह दिशा हमारा कर्म बदल देगा

यह जिजीविषा हमारा विचार बदल देगा

यह उषा हमारा जन्म बदल देगा

बदल देगा का अर्थ है योग्यता प्रदान करेगा या योग्यता है तो वह योग्यता द्रढ करेगा।

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

"कृष्ण" कौन है?

"कृष्ण" क्या है?

"कृष्ण" कैसे है?

"कृष्ण" क्यूँ है?

क्या जानते है हम - एक भारतवासी या हिंदुस्तानी

क्या समझते है हम - एक भारतीय या हिंदीय

एक वार्ता

एक कहानी

एक उपदेश

एक चरित्र

एक ऐश्वर्य

एक प्रियतम

एक परमेश्वर

एक योगेश्वर

एक योद्धा

एक गौचारहा

एक भगवान

एक दूत

एक मित्र

एक कपटी

एक पुरुषोत्तम

एक ....

जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त........

चिंतन करो यहाँ तक कि खुद कृष्ण हमारे अंदर प्रकट हो जाये।

न धर्म से

न कर्म से

न धन से

न मन से

उन्हें तो केवल अपने आंतर आत्म से सँवारो

शायद वो तुम्हें कही छू जाय!

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

श्री परंब्रह्म अवतार क्यूँ धारण करते है?

हमारे चौराशी लाख योनि से क्यूँ जुड़ कर मनुष्य योनि को सर्वोत्तम जन्म और पूर्णता का आधार क्यूँ कहते है?

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

जीवन तो बहोत से तरासे

तरासते तरासते खुद को भी तरासा

मेरे साथी का भी तरासा

मेरे पितृ का भी तरासा

मेरे समाज का भी तरासा

मेरे धर्म का भी तरासा

घड़ता गया - संवरता गया

जीवन को और जीवन के समय को

कहीं उच्च नीच निहाले

कहीं असमानता अनुभई

कहीं बार यात्रा स्थली निचोड़ी

कहीं बार ज्ञान गुरु निचोड़े

आरंभ से अब तक

हर बार कभी आसमान झुका

हर बार कभी धरती झुकी

हर बार कभी सूरज डूबा

हर बार कभी चंद्र डूबा

पता नहीं है फिर भी पता करता रहता हूँ

कोई है जो मुझे अखंड प्रीत करता है

कोई है जो मुझे अतूट शिखा रहा है

कोई है जो मुझे अपना समझ रहा है

कोई है जो मुझे अपना सबकुछ लूटा कर मुझे अपना जैसे करता रहता है

न वह स्त्री है न वह पुरुष है

न वह प्रकृति है न सृष्टि है

न वह लोक है न ब्रह्मांड है

न वह परंब्रह्म है न परमात्मा है

वह तो है केवल मेरे प्रिये!

वह तो है केवल मेरे प्रियतम!

वह तो है केवल मेरी राधा!

जो मेरे श्री कृष्ण की भी है श्री राधा!

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"

"श्याम" कौन है श्याम?

"श्याम" कौन नही है श्याम?

"श्याम" जो नही है श्याम वह कोई नही है

"श्याम" जो नही है श्याम वह कुछ नही है

"श्याम" श्याम से ही है सबकुछ

"श्याम" श्याम से ही है सर्वकुल

"श्याम" श्याम से तु है

"श्याम" श्याम से मैं है

"श्याम" श्याम से हम है

"श्याम" श्याम से हर है

"श्याम" श्याम से प्रहर है

"श्याम" श्याम से दुपेर है

"श्याम" श्याम से शाम है

"श्याम" श्याम से निशा है

"श्याम" श्याम से दिशा है

"श्याम" श्याम से कर्म है

"श्याम" श्याम से मर्म है

"श्याम" श्याम से कर्म है

"श्याम" श्याम से गति है

"श्याम" श्याम से मति है

"श्याम" श्याम से ज्योति है

"श्याम" श्याम से मूल है

"श्याम" श्याम से कुल है

"श्याम" श्याम से विरल है

"श्याम" श्याम से विपुल है

"श्याम" श्याम से पहल है

"श्याम" श्याम से चहल है

"श्याम" श्याम से तरल है

"श्याम" श्याम से अर्थ है

"श्याम" श्याम से पदार्थ है

"श्याम" श्याम से निस्वार्थ है

"श्याम" श्याम से श्वास है

"श्याम" श्याम से विश्वास है

"श्याम" श्याम से सुहास है

"श्याम" श्याम से प्यास है

"श्याम" श्याम से गीत है

"श्याम" श्याम से रीत है

"श्याम" श्याम से मीत है

"श्याम" श्याम से प्रीत है

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

जीवन में पत्नी का दुःख या पति का दुःख

क्यूँ आये?

जीवन में पुत्री का दुःख या पुत्र का दुःख

क्यूँ आये?

जीवन में बहन का दुःख या भाई का दुःख

क्यूँ आये?

जीवन में माता का दुःख या पिता का दुःख

क्यूँ आये?

कैसा यह जीवन है?

कैसा यह रिश्ता है?

कैसा यह बंधन है?

कैसा यह संबंध है?

कैसा यह ऋण है?

हमनें जान कर सुख का जिक्र नही किया है

क्यूँकी सुख में हम सोच नही सकते है, चिंतन नही कर सकते है और एक दूजे की योग्यता नही समझ सकते है, इसीलिए........

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

पति पत्नी की रीत ही एक ऐसी संस्कृति है
जो संस्कृति से सारे परमात्मा एक बालक हो जाता है।🌷

पति पत्नी की रीत ही एक ऐसी प्रकृति है
जो प्रकृति से कष्ट तो क्या कोई दुष्ट भी उनके पास शुद्ध हो जाता है।🌷

पति पत्नी की रीत ही एक ऐसी सुश्रुसा है
जो सेवा से रोग तो क्या कोई वेदना भी उनके आसपास से डरते है।🌷

पति पत्नी की रीत ही एक ऐसा विश्वास है
जो श्वास से वासना तो क्या कोई काम अर्थात विषय उनसे युगों दूर रहते है।🌷

पति पत्नी की रीत ही एक ऐसा आनंद है
जो आनंद से सर्वोच्च कोई सर्वानंद नही हो सकता है।🌷

पति पत्नी की रीत ही एक ऐसा योग है
जो योग से केवल और केवल कर्मयोग यज्ञ ही आहूत होते है, जिसमें संसार की, जीवन की हर पूर्णता संस्कृत होती है।🌷

पति पत्नी की रीत ही एक ऐसा एकात्म है
जो एकात्म के लिए परम अंश भी खुद को बार बार अवतरुत करते है।🌷

पति पत्नी की रीत ही ऐसी प्रीत है
जो प्रीत में सिरी फरहाद - लैला मजनू - रोमियो - जूलियट - हीर रांझा - सावित्री सत्यवान - अनसूया गौतम जैसे कहीं आत्मा परमात्मा तो क्या - देवी देवता तो क्या जो ब्रह्मांडो की सृष्टि के जो भी परम तत्व है वह भी उनके सामने निम्न है।🌷
"Vibrant Pushti"
"जय श्री कृष्ण" 🌷🌷🌷

समस्याएं

मनुष्य मनुष्य होते भी साथ नही रह सकते

मनुष्य मनुष्य होते भी योग्य विचार नही कर सकते

मनुष्य मनुष्य होते भी संगठित नही हो सकते

मनुष्य मनुष्य होते भी सत्य नही समझ सकते

मनुष्य मनुष्य होते भी योग्य नही कर सकते

मनुष्य मनुष्य होते भी समझा नही सकते

मनुष्य मनुष्य होते भी निखालस नही हो सकते

मनुष्य मनुष्य होते भी रास्ता नही निकाल सकते

मनुष्य मनुष्य होते भी उच्च नीच का भेदभाव नही मिटा सकते

मनुष्य मनुष्य होते भी सहकार्य नही आयोजित कर सकते

मनुष्य मनुष्य होते भी असमंजस उदभवते रहते

मनुष्य मनुष्य होते भी आनंद नही लूटा सकते

मनुष्य मनुष्य होते भी एक दूजे को लूटते

मनुष्य मनुष्य होते भी एक दूजे को घुमाते

मनुष्य मनुष्य होते भी स्वार्थवृत्ति धरते

मनुष्य मनुष्य होते भी एक दूसरे को नीचा दिखाते

मनुष्य मनुष्य होते भी एक दूजे से झगड़ते रहते

मनुष्य मनुष्य होते भी जीवन नर्क बनाते

मनुष्य मनुष्य होते भी किसीको अपना नही कर सकते

मनुष्य मनुष्य होते भी तफावत रचे

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

क्या बदला ले सकू यह जगत से

क्या बदला चूका सकू यह सृष्टि का

क्या बदला हो सके यह समाज से

क्या बदला भर सकू यह प्रकृति का

क्या बदला सोच सकू यह कुटुंब से

क्या बदला रख सकू यह संबंधी का

ऐसे पंछी है ब्रह्मांड का

कब कहाँ उड़ जाय

कब कहाँ ठहर जाय

कब कहाँ रुक जाय

कब कहाँ चलत जाय

अगर किसीको

कुछ हो आया

कुछ भर गया

कुछ सोच आया

कुछ लग आया

तो माफ करना हमें

हम तो केवल

खुद को उजागर करके आपको प्रीत करते है

खुद से प्रीत कर के अपनी प्रीत लूटाते है

खुद से विरह पा के तुमसे प्रीत निभाते है

तुम कहीं दूर हम कहीं दूर

प्रीत की रीत से साथ है

प्रीत की रीत से एक है

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

"श्याम सुंदर श्री यमुने महाराणी की जय"

ओहद!

हम जब भी उन्हें स्मरण में लाते है

हम जब भी उन्हें स्मरण करते है

हम जब भी उनका दर्शन करते है

हम जब भी उन्हें स्पर्श करते है

हम जब भी उनका पान करते है

या

जब भी हम अपने अंतर आत्मा से श्री यमुनाजी को हृदयस्थ करे हुए है तब

एक उत्साह और पवित्रता के साथ पुकारते है

"श्याम सुंदर श्री यमुने महाराणी की जय"

क्यूँ?

श्री वल्लभाचार्यजी की सर्वांक्षा

श्री वल्लभाचार्यजी की आराध्या

श्री वल्लभाचार्यजी की एकात्मता

श्री वल्लभाचार्यजी की पुष्टिता

कितनी प्रचंड है, कितनी द्रढ है, कितनी प्रबल है, कितनी आंतरिक है, कितनी योग्य है जो हमें शिक्षते है

"श्याम सुंदर श्री यमुने महाराणी की जय"

तो क्या है यह श्री यमुना?

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

"माँ" हमारी कुल देवी
"माँ" हमारी आद्य देवी
"माँ" हमारी जन्म धात्री
"माँ" हमारी जीवन धात्री
"माँ" हमारी संस्कार सिंचनी
"माँ" हमारी जीवन धात्री
"माँ" हमारी पौषण धात्री
"माँ" हमारी कर्म शास्त्री
"माँ" हमारी आनंद धात्री
"माँ" हमारी सेवा धात्री
"माँ" हमारी फल पात्री
"माँ" हमारी सह यात्री
ओहह माँ! तुझे प्रणाम!
तुझसे है मेरा उद्धार!
तुझसे है मेरा आदर
तुझसे है मेरा सत्कार
तुझसे है मेरा आधार
तुझसे है मेरा स्वीकार
तुझसे है मेरा संस्कार
तुझसे है मेरा दुलार
तुझसे है मेरा दीदार
तुझसे है मेरा खुमार
तुझसे है मेरा प्यार
"माँ" हे माँ!
"Vibrant Pushti"
"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

"साधना" "प्रार्थना" "सेवा" हम किसे समझते है?

जो सुबह उठ कर जप करे,

जो दूर वन में बैठ कर एकाग्रता से मन को श्री प्रभु में लीन करे

जो दर्शन कर या पाठ कर या स्मरण कर श्रीप्रभु के गुणगान पुकारे, गाये, विनंती करे

जो सुबह उठ कर श्रीप्रभु को स्नान कराके, भोग लगाके, श्रृंगार सजा के हम आरती उतारे, किसीका ध्यान धरे

जो हम किसीको गरीब समझ कर किसीको दान दे, किसकी सुश्रुसा करे, किसीको मदद करे।

ना! ना ना! यह साधना, प्रार्थना, सेवा नही है।

सेवा तो वह है

जो किसीका परिहास न करे अर्थात किसीका तिरस्कार न करे,

किसीको ठेस न पहुंचाए,

किसीको दुःख न दे,

किसीका दिल न दुभाये।

अर्थात ये न समझना कि

कोई अपने से खेले, या कोई अपने को घुमाये, कोई अपने से विध्वंश करे और हम चुपचाप सहले,

कोई स्वार्थवृत्ति से अपनी मायाजाल रचते जाय और हम मौन धरे,

हम जागृत हो कर हम निराशावाद से अकार्यरत रहे।

प्रार्थना तो वह है

जो किसीका किसीकी मन से जुड़ जाये, किसीका किसीके लिये मिट जाये,

किसीका किसीके लिये न्योछवार हो जाये, खुद के लिये आंतरिक शुद्धता, पवित्रता और योग्यता प्रकटाये।

साधना तो वह है

जो किसीके मन को अपने मन से जोड़ दे और सुख जगाये,

जो किसीके विश्वास को जीत कर विश्वास से जीवन सफल बनाये,

जो किसीके अंदर आत्मीय सुंदरता जगा कर हर क्षण आदरता जगाये।

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण" 🌷🌷🌷

जबसे जन्म धारण किया है तबसे

हमारा होना

हमारा है

हमारा करेंगे

हम से है

हम बताएंगे

हम दिखाएंगे

हम पाएंगे

हम लेके रहेंगे

हमारा ही है

हमारे लिए ही है

क्या है यह? सोचना कभी खुद

की

यह जो उपर लिखा है वो मैं हूँ?

यही तो मैं जन्म से लेकर जीवन पर्यंत करता रहता हूँ, आखरी साँस तक।

हर रीत से सोचलो!

हर विचार से सोचलो!

हर गति से सोचलो!

हर मति से सोचलो!

हर परिवर्तन से सोचलो!

हर जिज्ञासा से सोचलो!

हर कक्षा से सोचलो!

हर अदा से सोचलो!

हर भाव से सोचलो!

हर ज्ञान से सोचलो!

हर पदार्थ से सोचलो!

हर तत्व से सोचलो!

हर अनुभव से सोचलो!

हर चरित्र से सोचलो!

हर सूत्र से सोचलो!

हर अर्थ से सोचलो!
हर श्रुति से सोचलो!
हर दिशा से सोचलो!
हर संयोजन से सोचलो!
हर ब्रह्म से सोचलो!
हर रंग से सोचलो!
हर तरंग से सोचलो!
हर माध्यम से सोचलो!
हर त्वरा से सोचलो!
हर जरा से सोचलो!
हर धारणा से सोचलो!
हर मान्यता से सोचलो!
हर आकांक्षा से सोचलो!
हर मन से सोचलो!
हर तन से सोचलो!
हर धन से सोचलो!
हर जीव से सोचलो!
हर प्राण से सोचलो!
हर प्रीत से सोचलो!
आखिर क्या हूँ! क्या है?
ओहह श्री प्रभु!
"Vibrant Pushti"
"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

कौन जीत पाया है मन को

कौन जीत पाया है तन को

कौन जीत पाया है धन को

कौन जीत पाया है प्रीत को

कौन जीत पाया है जीवन को

कौन जीत पाया है माया को

कौन जीत पाया है संस्कार को

कौन जीत पाया है अहंकार को

कौन जीत पाया है भगवान को

कौन जीत पाया है पंच महाभूत तत्व को

कौन जीत पाया है जन्म को

कौन जीत पाया है धर्म को

कौन जीत पाया है कर्म को

कौन जीत पाया है सृष्टि को

कौन जीत पाया है ब्रह्मांड को

कौन जीत पाया है सत्य को

कौन जीत पाया है विश्वास को

कौन जीत पाया है अद्वैत को

सोच के अवश्य हमें उत्तर देना,

चिंतन से अवश्य हमें कहना,

हृदयस्थ भाव से अवश्य हममें बताना,

आत्मीय ज्ञान से अवश्य हमें मार्गसूचक करना,

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

ऐसा तो क्या आकर्षण है यह पृथ्वी का
ऐसा तो क्या आकर्षण है यह धरती का
ऐसा तो क्या आकर्षण है यह सृष्टि का
ऐसा तो क्या आकर्षण है यह प्रकृति का
ऐसा तो क्या आकर्षण है यह मानव का
ऐसा तो क्या आकर्षण है यह दानव का
ऐसा तो क्या आकर्षण है यह संस्कृति का
की हर कोई चले आते है जन्म धरने
जो कभी राम बनके
तो कभी श्याम बनके
जो कभी शिव बनके
तो कभी जीव बनके
जो कभी रावण बनके
तो कभी कंस बनके
जो कभी सीता बनके
तो कभी राधा बनके
जो कभी भक्त बनके
तो कभी साधारण बनके
जो कभी आचार्य बनके
तो कभी शिष्य बनके
कितने रुप धरे है और धरता है
फिर भी
आता ही रहता है आता ही रहता है
ओहह श्री प्रभु!
"Vibrant Pushti"
"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

हमारे घर भी पुत्र का जन्म होता है

हमारे घर भी पुत्री का जन्म होता है

हर जन्म से हम अपनी संस्कृति से जोड़ते है

हर जन्म से उनका नाम संस्कार करण हम हमारी ज्ञानता और भावना से करते है, क्यूँकी बार बार रटन से हमें हमारी ज्ञानता और भावना द्रढ हो हम अपने आपको न भूले।

हम अपने धर्म और कर्म संस्कार उनमें उजागर अर्थात सिंचित करके खुद को कृतार्थ करे।

हम अपने सपनों से उन्हें प्रेरित करके साकार करने की भूमिका बनाये।

हम अपने आपको अपनी कर्तव्यनिष्ठा से अपनी आंतरिक सिद्धि सिद्ध करे।

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

"दुःख"

दुःख का अर्थ,

दुःख का उदभवना,

दुःख का उत्स होना,

दुःख उठना,

दुःख पैदा करना,

दुःख उत्पन्न करना,

दुःख जगाना,

दुःख बढ़ाना,

दुःख सहना,

दुःख झेलना,

दुःख पीना

दुःख रहना,

क्या समझते है हम, यह दुःख क्या है? यह दुःख क्यूँ है?

यह दुःख मुझे ही क्यूँ?

बस मन में आ गया दुःख, और चिल्लाने लगे

बस कुछ ऐसा वैसा जानने आ गया और दौड़ने लगे

बस कुछ ऐसा अनुभव होने लगा और एहसास जताने लगे

बस कुछ ऐसा किसीने कह दिया और तय कर के झेलने लगे

बस कुछ ऐसा समझ लिया और भिसने लगे

बस कुछ ऐसा सुन लिया और झिझकने लगे

बस कुछ ऐसा सुध लिया और झुंझुमने लगे

ओहह मन!

ओहह मानव!

सच! श्रीप्रभुने अर्थात परम आत्म तत्व ने ऐसा संचालन व्यवस्था रची है कि कौन क्या करें!

"Vibrant Pushti"

"जय श्री कृष्ण"🌷🌷🌷

"कौमार्य" कितना शौर्य भरा शब्द
"कौमार्य" कितना आग्नेय भरा शब्द
"कौमार्य" कितना विशुद्धता भरा शब्द
"कौमार्य" कितना कुर्बान भरा शब्द
"कौमार्य" कितना न्योछावर भरा शब्द
"कौमार्य" कितना प्रचंडता भरा शब्द
"कौमार्य" कितना प्रखरता भरा शब्द
"कौमार्य" कितना ललकार भरा शब्द
"कौमार्य" कितना तीव्रता भरा शब्द
"कौमार्य" कितना अनहद भरा शब्द
"कौमार्य" कितना विश्वास भरा शब्द
"कौमार्य" कितना हिम्मत भरा शब्द
"कौमार्य" कितना माधुर्य भरा शब्द
"कौमार्य" कितना रणकार भरा शब्द
"कौमार्य" कितना आंतर द्रढ़ता भरा शब्द
"कौमार्य" कितना रंग भरा शब्द
"कौमार्य" कितना आहुति भरा शब्द
"कौमार्य" कितना आंतर शक्ति भरा शब्द
"कौमार्य" कितना गहराई भरा शब्द
"कौमार्य" कितना शृंगार भरा शब्द
"कौमार्य" कितना सत्य आचरण भरा शब्द
